# तार समाचार

अप्रैल-जून 2017



The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited



# प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय साथियों,

वित्तीय वर्ष 2017-2018 के पहली तिमाही में हम सबों ने शून्य LTI की उपलब्धि को बरकरार रखा है और इसके लिए मैं सभी कर्मचारियों को बधाई देता हूँ, वहीं, अप्रैल माह में Rod Mill में वार्षिक MSD के समापन तक दुर्घटना रहित MSD हासिल करने की बड़ी कामयाबी के लिए Rod Mill की पूरी टीम बधाई की हकदार है।

मित्रों ! मुझें आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि अपने व्यवसाय के विस्तारीकरण के लिए हमारी ओर से की गई पहल को टाटा स्टील से स्वीकृति मिल गई है और चालू वित्तीय वर्ष में ही JEMCO में Binding Wire और ISWP में Chian Link जैसे नए उत्पादों का उत्पादन होने लगेगा तथा Barbed Wire का विस्तारीकरण होगा।

तार समाचार के पिछ्ले संस्करण में मैंने जल संरक्षण के क्षेत्र में हुए सराहनीय कार्यों की चर्चा की थी। इस बार बिजली और ईंधन की बचत में Rod Mill और Wire Mill ने सराहनीय प्रदर्शन किया है और मुझे भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

भारत सरकार द्वारा GST की पहल देश में आर्थिक क्रांति में अहम योगदान देगी। हमने भी कंपनी में GST को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है।

Tata Trust और Tata Steel के सौजन्य से ISWP Sports Complex में Tata Hockey Academy का निर्माण चल रहा है जिसमें 26 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस Tata Hockey Academy से टाउनशिप को नई पहचान मिलेगी।

मैं तार समाचार के माध्यम से सभी कर्मचारियों और उनके परिवार से आह्वान करता हूँ कि हम बिजली और पानी की बर्बादी को रोकें और अपने कार्यस्थल व टाउन को स्वच्छ रखें।

शुभेच्छाओं के साथ

Neeraj Kant

## पी.एफ. की रकम

कर्मचारियों को रिटायर्मिंट के बाद PF की रकम मिलने में देरी होती थी जिसके कारण उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कर्मचारियों के इस समस्या का निवारण करने के लिए HR डिपार्टमेंट द्वारा यह पहल की गई जिसके अंतर्गत कर्मचारियों को रिटायर्मिंट के दिन PF की रकम मिल जाएगी। यह पहल इस वर्ष अप्रैल माह में शुरू की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले प्रथम कर्मचारी टाइम ऑफिस के श्री देवेन्द्र महतो है। यह पहल कर्मचारियों में एक नई उल्लास की भावना लाई है।





## सुझाव योजना संबंधी गतिविधियां




सुझाव योजना को बढ़ावा देने के लिए TQM डिपार्टमेंट द्वारा प्रत्येक तिमाही में सबसे ज्यादा सुझाव देने वाले कर्मचारियों को कंपनी प्रबंध निदेशक के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।

इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में सुझाव देने की प्रवृति को बढ़ाना है, क्योंकि प्रत्येक कर्मचारी का सुझाव कंपनी के लिए अनमोल है।

त्रैमासिक में अधिकतम सुझाव देने के लिए "TOP 5 Suggestor" सुझावकर्त्ताओं का नाम घोषित किया जाता है । इस त्रैमासिक में बलबिन्दर सिंह (वायर मिल), अमरेन्दर सिंह (वायर मिल), निरंजन सिंह (वायर मिल), राजेश शर्मा (फास्टनर) एवं अभिषेक कुमार (फास्टनर) को कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा "TOP 5 Suggestor" का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**आप अपना सुझाव Online से भी दे सकते है। URL : http/www.iswp.co.in/suggestion**

## विश्व पर्यावरण दिवस

प्रत्येक वर्ष की भांति विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया गया। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व पर्यावरण की उपलक्ष्य में थीम "प्रकृति को समर्पित" घोषित किया गया। प्रकृति हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं प्रत्येक मनुष्य का यह कर्त्तव्य होना चाहिए की पर्यावरण की सुरक्षा करें।

ISWP में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रॉड मिल वाटर फिल्टर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि यूनियन पदाधिकारी श्री राकेश्वर पांडेय एवं प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, उच्च पदाधिकारी, यूनियन के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक ने यूनियन सदस्य के बीच पौध वितरण करके पर्यावरण की महत्ता को बताया। हाउसकीपिंग वेन्डर (BVG) के कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सबने वृक्षारोपण कर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण की कामना करते हुए कार्यक्रम को सम्पन्न किया।





## TPM की गतिविधियाँ

TPM की गतिविधि को सुचारू रूप से संचालन के लिए हमारे TPM सलाहकार श्री कोजो मिज़ोटा की दो दिवसीय यात्रा 13 जून-14 जून को संपन्न हुई। श्री मिज़ोटा ने रॉड मिल, वायर मिल, जेम्को फाउंड्री और जेम्को मशीन शॉप में हुए TPM गतिविधि का निरिक्षण किया। Feb'17 में हुई यात्रा के दौरान गृहकार्य के अनुपालन का आकलन किया जिसमें उन्होंने रॉड मिल और जेम्को के हुए कार्यों की सराहना की और साथ ही साथ कार्यों की गति बढ़ाने का निर्देश भी दिया।



## जेम्को में बाइन्डिंग वायर की भूमि पूजन

जेम्को फाउंड्री में 12 जून 2017 को बाइन्डिंग वायर का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, यूनियन सदस्य, उच्च पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। Engg. & Project के GM, श्री इंद्रजीत नंदी ने MD एवं यूनियन अध्यक्ष को बाइंडिंग वायर प्रोजेक्ट के प्लान के बारे में जानकारी दी।

यह कंपनी के प्रगति, कर्मचारियों के भविष्य एवं वायर व्यापार को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।



## राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह



प्रति वर्ष 14 अप्रैल को अग्नि सेवा दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन, वर्ष 1944 में, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के बंदरगाह में लंगर डाले जहाज एस.एस. फोर्ट स्टीकेन में हुए विस्फोट के पश्चात लगी भयंकर आग को बुझाने हेतु संघर्ष करते हुए अग्नि सेवा के जवानों ने कर्त्तव्य निर्वहन के प्रति साहस एवं निष्ठा का अनुकरणीय प्रदर्शन किया था।

अग्निशमन सेवा के अनेक जवानों ने अपने प्राण गवाएँ और मुबंईवासियों के दिलों में उनका नाम सदा के लिए अमर हो गया। इस दुर्घटना के पश्चात भी, आग बुझाने के दौरान अनेक अग्निशमन जवानों ने अपने प्राण गवाएँ हैं। प्रति वर्ष 14 अप्रैल को इन साहसी लड़ाकों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि दी जाती है।

अग्नि सेवा सप्ताह के दौरान 14 से 20 अप्रैल, 2017 तक अग्निशमन प्रशिक्षण, अग्निशमन सिस्टम संबंधी क्वीज, कार्य के दौरान आग पर काबू पाने के प्रशिक्षण का आयोजन ISWPL में किया गया ताकि कर्मचारियों में अग्नि-सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो।



## रॉड मिल मास मीटिंग

रॉड मिल मास मीटिंग 26 मई 2017 को रॉड मिल में आयोजन किया गया था । मास मीटिंग के माध्यम से कर्मचारियों को विभिन्न क्षेत्र जैसे स्वास्थ्य, सुरक्षा, पॉश, सुझाव योजना आदि के विषय में जानकारी प्रदान करना है । डॉ. अभिनव द्वारा यह संदेश दिया गया कि किस प्रकार अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए । सुरक्षा विभाग की ओर से सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई । सदैव यह प्रयास रहता है कि दुर्घटना न हो ।

इसी कार्यक्रम में रॉड मिल हेड श्री चितरंजन ठाकुर द्वारा सुझावकर्त्ताओं (जिनका सुझाव लागु किया गया है) को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया ।



## जेम्को मास मीटिंग

12 जून को जेम्को में 101 मॉस मीटिंग का आयोजन किया गया, मास मीटिंग वह माध्यम है जिसके द्वारा शाफ्ट फ्लोर के कर्मचारियों को जागरूकता प्रदान करना इस संदर्भ में यू. के. वर्मा (सेफ्टी मैनेजर) सुरक्षा संबंधित जानकारी दिए एवं नेहा कुमारी (TQM) ने कर्मचारियों में सुझाव योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई एवं पी सी उपाध्याय (ए.जी.एम) द्वारा इम्प्लीमेंटेड सुझाव से संबंधित सुझावकर्ताओं को कैश अवार्ड से पुरस्कृत किया गया ।





## ‘स्टार ऑफ द मन्थ’



विनोद कुमार

HR द्वारा पहल के तहत जो ऑफिसर प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय हो उन्हें उस माह ‘स्टार ऑफ द मन्थ’ घोषित किया जाता है। इसके अंतर्गत अप्रैल माह में ISWP से विनोद कुमार (रॉड मिल) एवं जेम्को से अश्विनी श्रीवास्तव (मशीन शॉप) को ‘स्टार ऑफ द मन्थ’ घोषित किया गया एवं प्रबंध निदेशक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।



अश्विनी श्रीवास्तव

## CSR की गतिविधियाँ

1. हाल ही में संपन्न टाटा सकारात्मक क्रिया मूल्यांकन / Tata Affirmative Action Assessment शिक्षण हेतु Significant Adoption Award (महत्वपूर्ण अंगीकरण पुरस्कार) से ISWPL को सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार दिसम्बर 18 में 'बिजनेस एक्सीलेंस सम्मेलन' में दिया जाएगा ।
2. CII पूर्वी क्षेत्र हेतु CSR काम्पेडीयम में KGBV, पोटका केस के अध्ययन का प्रकाशन किया गया है । इस काम्पेडीयम (विषयों का संग्रह) में पूर्वी क्षेत्र में कार्यरत उद्योगों द्वारा अपनाई गई श्रेष्ठ पद्धतियों को सम्मिलित किया गया है ।
3. ISWP स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में तीरंदाजी विद्या पर 10 मई, 2017 से 30 जून, 2017 तक ग्रीष्म शिविर का आयोजन किया गया । कुल 197 विद्यार्थियों (अ० जा० / अ० ज० जा० - 95, अन्य पिछड़ा वर्ग-50 तथा सामान्य वर्ग से 52) ने शिविर में हिस्सा लिया ।




4. लक्ष्मी टुडु का चयन जमशेदपुर एवं लक्ष्मी सोरेन का चयन CKP रानी हॉस्टेल में आर्चरी कोच के लिए किया गया । ये दोनों स्कूल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगी एवं उन्हें भविष्य के प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेंगी ।


लक्ष्मी टुडु


लक्ष्मी सोरेन

5. संगीता महाली तथा शानिया शर्मा का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ है । क्वालीफाई करने पर वे अंतराष्ट्रीय खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी ।


शानिया शर्मा


संगीता महाली

6. निर्मला महतो एवं उषा बंदोपाध्याय, दोनों ही ISWP के आर्चरी ट्रेनियों को झारखण्ड सरकार द्वारा तीरंदाजी के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिये क्रमश: Rs. 25,000/- तथा Rs. 10,000/- देकर पुरस्कृत किया गया । दोनों ही प्रतिभागियों को CSR टीम द्वारा ISWP स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स में पुरस्कार प्रदान किया गया ।





# टाटा आचार संहिता के उचित एवं अनुचित आचरण

## उचित आचरण (DO's)

- कार्य-संस्कृति को बेहतर, पारदर्शी एवं स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें ।
- कंपनी की संपत्ति या संसाधनों को नुकसान या दुरूपयोग होने से बचाएँ ।
- सबों के साथ बिना किसी भेदभाव के उचित एवं अच्छा व्यवहार करें । खासकर महिलाओं और बुजुर्गों का अत्यधिक सम्मान करें ।
- अपना काम पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता के साथ करें, समय की पाबंदी रखें ।
- अपने निर्णयों की जवाबदेही लें ।
- काम की जिम्मेवारी लेने के बाद उसे निभाएँ और भरोसेमंद बनें ।
- अपने हर काम में पूरी उत्कृष्टता लाने का प्रयास करें ।
- जबतक रिवाजों की मर्यादा के लिए अनिवार्य न हो, किसी तरह के उपहार का लेन-देन न करें नकद तो किसी भी स्थिति में नहीं ।
- अनिवार्य होने पर भी उपहार संबंधी कंपनी के मार्गदर्शन का पालन करें और उपहार की पेशकश करने वाले को तथा अपने सभी वेंडरों को इस मार्गदर्शन से अवगत कराएँ ।
- कंपनी में लगन से काम करें और बाहर दूसरा कोई फूलटाइम या पार्टटाइम काम न करें ।
- बाहर अन्य किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्यों से जुड़ने के लिए भी अपने विभाध्यक्ष से पूर्व अनुमति ले लें ।
- कंपनी के बाहर किसी भी तरह का पढ़ाने का काम करना चाहते हैं तो इससे संबंधित दिशा निर्देशों का पालन करें ।
- अगर कोई वेंडर, ठेकेदार या कर्मचारी आपका रिश्तेदार हो तो इसके बारे में विभागाध्यक्ष व नीति सलाहकार को सूचित करें ।
- कंपनी को अपने बारे में या कंपनी के बारे में किसी भी गलत आंकड़े या जानकारी नहीं दें ।
- किसी भी प्रकार की नीतिगत गड़बड़ी जैसे चोरी, घुसखोरी, बवाल या कुछ भी, जो कंपनी के हित में नहीं है, उसकी सूचना तत्काल दें ।

## अनुचित आचरण (DONT's)

- किसी को उत्पीड़ित करना ।
- दूसरों के द्वारा किए गए कार्य का स्वयं श्रेय ले लेना ।
- अपनी गलती के लिए दूसरों को जिम्मेवार ठहराना ।
- किसी व्यक्ति या समूह के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करना ।
- कंपनी की सुविधाओं जैसे इन्टरनेट, ईमेल, फोटोकॉपी, प्रिंटर इत्यादि का इस्तेमाल अपने निजी कार्य के लिए करना ।
- अपने रिश्तेदार के नाम पर लिए गए एजेंसी के लिए काम करना ।
- कांट्रैक्टर के कर्मचारी से अपना व्यक्तिगत कार्य करवाना।
- कंपनी द्वारा आवंटित क्वार्टर को भाड़े पर लगाना ।
- किसी भी प्रकार की अनीतिपूर्ण घटना की जानकारी छिपाना या दूसरों को जानकारी देने से रोकना ।
- सुपीरियर के उचित आदेश की अवहेलना ।
- जानबूझकर काम की रफ्तार धीमी करना ।
- चोरी या धोखाधड़ी करना ।
- किसी से अुनचित फायदा लेना या किसी को अनुचित फायदा पहुँचाना ।
- काम की जगह पर लागू सुरक्षा या और दूसरे कानून की अवहेलना करना ।
- आपस में या दूसरों से झगड़ा या विवाद करना या इसके लिए उकसाना ।
- नशाखोरी करना या काम की जगह में सो जाना ।
- लेट से ड्यूटी आना या बिना अनुमति लिए छुट्टी मारना ।
- स्वयं अफवाह फैलाना या दूसरों के बहकावे में आना ।
- कंपनी के विभिन्न कार्यों के लिए मिले हुए आईडी या पासवर्ड को दूसरों को बताना ।



# मानसून स्वास्थ्य सुझाव

मानसून यानि की वर्षा ऋतु के आगमन से पूरी धरती हरी भरी लगने लगती हैं , बेतहाशा गर्मी से राहत पाने के लिए हर किसी को मानसून का बड़ा बेसब्री से इंतजार रहता हैं जहाँ एक ओर बारिश की रिमझिम बूंदों से सुहाने मौशम का आगाज होता हैं वहीं दूसरी तरफ बारिश के मौसम में मलेरिया, डेंगू, सर्दी-खांसी, जुलाब, उल्टी, टाईफाइड, त्वचा रोग, पीलिया जैसे viral disease (संक्रमण) का खतरा काफी बढ़ जाता हैं । इसलिए बारिश से बचने के लिए जैसे हम छाते का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही मानसून के दौरान होने वाली इन संक्रमण से बचने के लिए कुछ खासा एहतियात भी बरतना जरुरी हो जाता है ।









- बारिश के मौशम में भीगना स्वभाविक है । ऐसे में ज्यादा देर तक गीले कपडे में न रहे क्योंकि गीले कपड़े पहनने से इंफेक्शन होने का खतरा रहता है ।
- बारिश में भींगने के बाद हो सके तो स्वच्छ पानी से स्नान जरूर कर लें नहीं तो सूखा कपड़ा से सारा बदन अच्छी तरीके से पोछ लें जिससे इंफेक्शन (सर्दी-खांसी, जुलाब, उल्टी, टाईफाइड, त्वचा रोग) जैसे रोगो से बचा जा सके ।
- अपने घर के आस-पास बारिश का पानी बिल्कुल भी इकट्ठा न होने दे ,साफ-सफाई का खाश ध्यान रखें क्योंकि अगर आपके घर के आस-पास पानी भरा रहा तो वहाँ हानिकारक कीटाणु पैदा हो सकते है ।
- बाजार में मिलने वाले खाने पीने वाली चीजों से बिल्कुल दूरी बना कर रखनी चाहिए । क्योंकि बारिश के मौसम में हानिकारक कीटाणु की संख्या काफी बढ़ जाती है ।
- बारिश के मौसम में पाचन क्रिया धीमी हो जाती है इसलिए कम वसा युक्त भोजन का सेवन करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में पानी में जीवाणु और बैक्टीरिया की संख्या काफी बढ़ जाती हैं, अतः बिना उबला हुआ, फिल्टर (filter) या अशुद्ध पानी ना पियें।
- चूँकि बारिश के दौरान मक्खी और मच्छरों की संख्या काफी बढ़ जाती है इसलिए इनसे बचाव करना बहुत ही जरुरी है । मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करना सबसे अच्छा विकल्प है ।
- लापरवाही बिल्कुल भी न बरतें छोटे से छोटे समस्या को अनदेखा बिल्कुल भी न करें और तुरंत ही किसी चिकित्सक की सलाह अथवा घरेलू उपचार अवश्य करें ।

## मानसून में ड्राईविंग हेतु जांच सूची




### 1 टायर सुरक्षा

सुनिश्चित करें कि टायर अच्छी हालत में हो । घिसे हुए टायरों को यथासंभव तुरंत बदल दें । साथ ही टायर के प्रेशर की नियमित जांच करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे समुचित रूप से भरे (हवा से ) हुए हैं ।




### 2 धीरे चलाएँ

वर्षा के दौरान सड़कें बहुत चिकनी हो जाती है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि सूखी सड़कों की तुलना में भीगी सड़कों पर ड्राईवर को कम 'पकड़' (grip) मिलता है ।



### 3 सुरक्षित दूरी बनाए रखें

वर्षा ऋतु में जब सड़कें भीगी हो तो 'ब्रेकिंग दूरियाँ' अपेक्षाकृत लंबी हो जाती है । सुरक्षित दूरी बनाए रखने पर टायर-जनित फुहारों से आपकी दृश्यता अवरोधित होने से बच जाती है ।



### 4 हेडलाइट की पूरी रोशनी का उपयोग करें

यह महत्वपूर्ण है कि वर्षा के दौरान आप हेडलाइट सिस्टम का पूरा उपयोग करें । इससे आपको सामने की सड़क देखने में मदद मिलेगी तथा अन्य वाहन चालक आपको देख सकेंगे ।

हमारी पत्रिका ^rkj lekpkj** आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव TQM विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : tqm@iswp.co.in / rakesh.babu@iswp.co.in
मुद्रित : LVhy flVh i<l fy0